卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 294 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦1 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सड़कों पर उतरे हजारों किसान

## भूमि बचाओ आंदोलन में किसानों ने किया आर पार की लड़ाई का ऐलान

बाजपुर(उद संवाददाता)। भूमि बचाओ आंदोलन के तहत आज हजारों की संख्या में जिले भर से किसान बाजपुर में सड़कों पर उतर आये। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों के इस आंदोलन में मातृ शक्ति के साथ ही कांग्रेस सहित तमाम संगठनों ने भी समर्थन दिया। बता दें बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के मामले को लेकर किसान लम्बे समय से आवाज उठा रहे हैं। लेकिन अभी तक सरकार इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले पायी है। किसान संगठन इसे लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन भेजकर मामले का स्थाई समाधान निकालने की मांग उठा चुके हैं। आज (शेष पृष्ठ सात पर)






# रिटायर्ड सैनिक ने सरयू नदी में कूदकर दी जान

बागेश्वर (उद संवाददाता)। सीआरपीएफ से रिटायर्ड सैनिक ने सरयू नदी में कूदकर जान दे दी। रेस्क्यू टीम ने बुजुर्ग का शव बरामद कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने बताया कि 70 वर्षीय रघुवीर सिंह बिष्ट पुत्र गोपाल सिंह सुबह करीब नौ बजे घर से निकले थे और अचानक सरयू नदी में कूद गए। स्थानीय लोगों ने जैसे ही बुजुर्ग को कूदते हुए देखा उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रेस्क्यू टीम ने सरयू नदी से बुजुर्ग का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि फिलहाल बुजुर्ग के नदी में कूदने के कारणों का पता नहीं चल सका है।






# केन्द्र सरकार के खिलाफ बीमा कर्मियों का प्रदर्शन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी संघ से सम्बद्ध रूद्रपुर शाखा अध्यक्ष राजीव सिंघल व सचिव राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आज प्रथम, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के समस्त बीमा कर्मियों ने दोपहर भोजनावकाश में अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में केन्द्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। रोषित कर्मचारियों का कहना था कि पारिवारिक पेंशन केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की तरह 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत की जाये, (शेष पृष्ठ सात पर)



# पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़,हथियारों सहित पांच दबोचे

## कुर्क की गयी पेपर मिल में मिल स्वामी की मिली भगत से हो रही थी चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि पिलिलिया मोड से पुलभट्टा की तरफ बिजली विभाग के पावर हाउस से अन्दर की तरफ बैंक द्वारा कुर्क की गयी सूदखोर चिराग अग्रवाल व उसके पिता अजय अग्रवाल की बन्द पडी पीएन पेपर मिल मे लोहा ट्रक मे कटरो से काटकर चोरी कर ले जा रहे बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर पांच बदमाशों को कई हथियारों, तीन वाहनों व चोरी कर ले जा रहे सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट साथी पुलिस कर्मियों उनि पंकज कुमार, अउनि सुरेश पसबोला, हेका. धरमवीर सिंह, का. महेन्द्र सिंह,दीपक विष्ट, भूपेन्द्र जीना, मनोज मेहरा के साथ रात्रि चैकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना मिलने पर टीम पिलिलिया मोड से पुलभट्टा की तरफ बिजली विभाग के पावर हाउस से अन्दर की तरफ बैक द्वारा कुर्क की गयी सूदखोर चिराग अग्रवाल व उसके पिता अजय अग्रवाल की बन्द पडी पीएन पेपर मिल पहुचे जहां कुछ लोग कटा हुआ लोहा एक ट्रक मे लोड कर रहे थे। जैसे ही पुलिस टीम बदमाशों की ओर को बड़ी और उन्हे ललकारा तो उनमे से 2 लोगो ने पुलिस टीम की ओर दो राउण्ड फायर कर दिया। जिस पर पुलिस टीम में उनि पंकज कुमार ने एक राउण्ड अपनी सरकारी पिस्टल से फायर किया और पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर पांचो बदमाशों को मौके पर ही पकड़ लिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

### सूदखोर चिराग करा रहा था चोरी

रूद्रपुर। सूदखोरी के मामले में जेल में बंद चिराग अग्रवाल अपने पिता के साथ मिलकर बैंक द्वारा कुर्क की गई अपनी मिल पिछले काफी समय से लोहे का सामान चोरी करवा रहा है। लेकिन बैंक व पुलिस को अभी तक इसकी भनक भी नहीं लगी। पिता पुत्र के कारनामों को देखकर तो यही लगता है कि इन्हें न तो पुलिस का कोई खौफ रहा है और न ही बैंक की किसी कार्रवाई का। पकड़े गये बदमाशों के बयानों से पिता पुत्र के छिपे कारनामों की असलियत भी सामने आ गई है। वहीं आठ साल से कुर्क की गई मिल की ओर झांकने की भी जहमत न उठाना बैंक की लापरवाही को भी दर्शाता है।

# तमंचा और कारतूस सहित बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने नौगजा कब्रिस्तान से मजार की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक युवक को शक के आधार(शेष पृष्ठ सात पर)

# ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी कार, छात्र की मौत, तीन घायल

हरिद्वार(उद संवाददाता)। देहरादून -दिल्ली हाईवे पर गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय के छात्रों की कार ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसका आधा हिस्सा ट्राली के अंदर घुस गया। जिससे एक छात्र की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। काफी मशक्कत कर छात्रों को कार के अंदर से बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। टना सोमवार देर रात की है। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में बीएएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्र हिमांशु मेहर निवासी लामाचौड़ हल्द्वानी, दिग्विजय सिंह निवासी बड़कोट उत्तर काशी, सुधांशु कुमार निवासी ग्राम विजय नगला, नूरपुर बिजनौर और कुलदीप कुमार निवासी नयाली काशीपुर, जिला सहारनपुर कार से बहादराबाद की तरफ से लौट रहे थे।ज्वालापुर क्षेत्र में हरिलोक तिराहे के पास पहुंचते ही उनकी कार एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इस (शेष पृष्ठ सात पर)



# सूचना आयोग ने नगर निगम के सहायक अभियंता को किया तलब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मांगी गई सूचना निर्धारित समय पर उपलब्ध न करने पर सूचना आयोग द्वारा नगर निगम के लोक सूचना अधिकारी सहायक अभियंता को नोटिस भेज कर आगामी 21 अगस्त को सूचना आयोग में तलब किया है। यह जानकरी देते हुए आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत गोनिया ने बताया कि उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर अधीन नगर निगम से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत 8 बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। जिस पर उन्हें समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराई। नियमानुसार द्वितीय अपील अपीलीय अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट रिचा सिंह के यहां की गई। उस पर भी सूचना उपलब्ध नहीं हुई। तृतीय अपील उत्तराखंड सूचना आयोग में की गई वहां भी इन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आयोग के फटकार लगाने के बाद आयोग ने कहा सभी सूचनाओं को हेमंत गोनिया को निशुल्क दीजिए। फिर भी सूचना उपलब्ध नहीं कराई। हेमंत गोनिया ने बताया कि उन्होंने सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

# जिला बाल कल्याण समिति की बैठक में कई प्रकरणों की हुई समीक्षा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिला बाल कल्याण समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल कल्याण समिति के पास आए सभी मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव नयन तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में समिति को बाल कल्याण के 60 प्रकरण प्राप्त हुए , जिनमे से 53 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि लंबित 7 मामलों को सक्षम



स्तर पर निस्तारण हेतु अग्रेषित किया गया है समिति की बैठक में बाल कल्याण के प्रकरणों का बेहतर निस्तारण एवं बाल अधिकारों की रक्षा हेतु पटवारी क्षेत्र एवं पुलिस क्षेत्र के मध्य बेहतर समन्वय की बात सदस्यों द्वारा उठाई गई। जिस परजिलाधिकारी ने पटवारी क्षेत्र एवं पुलिस क्षेत्र के मध्य बेहतर तालमेल का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि जनपद को बाल मित्र बनाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाहियों को किया जाएबैठक में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति रघु तिवारीसमेतअन्यसंबंधितअधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# नैनीताल बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज मोड़ पर स्थित नैनीताल बैंक लिमिटेड का 102 वां स्थापना दिवस शाखा प्रबंधक हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में बड़ी ही धूमधाम के साथ क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों की मौजूदगी मनाया गया। इस दौरान बैंकों के दीर्घकालिक ग्राहक डीसी खेड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक से जुड़ी यादों और मिली उल्लेखनीय सेवाओं पर प्रकाश डाला वही शाखा प्रबंधक हरीश सिंह बिष्ट ने बैंक के



खाताधारकों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए बैंक की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रहे नैनीताल बैंक ने ग्राहकों के भरोसे और विश्वास को कायम रखते हुए महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। उन्होंने बताया कि 5 राज्यों में 170 शाखाएं वर्तमान में संचालित हैं। उन्होंने कहा कि बैंक पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूर्व की भांति खाताधारकों के विश्वास पर कायम रहते हुए बेहतर सुविधा मुहैया कराता रहेगा।।

# बलिदान दिवस पर शहीद उधम सिंह का भावपूर्ण स्मरण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस को जनपद में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी, क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी कलैक्ट्रेट



पूनम पन्त ने जिला कार्यालय परिसर में स्थापित शहीद ऊधम सिंह की मूर्ति एवं चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीदों को नमन किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात सभी ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह के साथ ही देश के वीर शहीदों की कुर्बानी, बलिदान को कभी भी भुला नहीं सकते, जिनकी कुर्बानी और त्याग के कारण हम सभी नागरिक स्वतंत्र भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। सभी ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, युवाओं को शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए देश और समाज को मजबूत बनाने का काम करना होगा।




# दो जुआरियों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हार-जीत की बाजी लगाकर सार्वजनिक स्थान में जुआ खेलते हुए 2 जुआरियों को थाना वनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा पुलिस टीम द्वारा 2 जुआरियो मो. अनीस अंसारी पुत्र स्व. जमालुद्दीन उर्फ मुन्ना निवासी मलिक का बगीचा वार्ड 31 वनभूलपुरा तथा मौ., फहद आलम उर्फ शानू पुत्र हाजी हकीमुल्ला मंसूरी निवासी सबदर का बगीचा वार्ड 28 थाना वनभूलपुरा को ताश के पत्तो से सार्वजनिक स्थान में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। जिनके कब्जे से नगद 1050 रुपये बरामद किए गए। जिस सम्बन्ध में दोनों अभियुक्त गणों के विरुद्ध थाना वनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में कानि. मुन्ना सिंह व रिजवान अली शामिल थे।

# भूमि अधिग्रहण के लंबित मामलों में करें प्रस्ताव तैयार: डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अलॉन्ग नॉर्थन बॉर्डर्स के अंतर्गत जनपद में बीआरओ के द्वारा निर्माणाधीन सड़क मार्गों के संबंध में बीआरओ के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली। जिसमें जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित 22 प्रकरणों पर बीआरओ के अधिकारियों के साथ चर्चा की तथा बीआरओ के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित अधिकांश मामलों में बीआरओ के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। जिस पर बीआरओ के अधिकारियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी धारचूला दिवेश शासनी, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी अनुराग आर्य सहित बीआरओ के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शहादत दिवस पर शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर बुद्ध पार्क, तिकोनिया में शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित सभा में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के मोहन मटियाली ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने जलियांवाला बाग में ब्रिटिश साम्राज्य कि क्रूरता को देखा और ब्रिटिश शासकों के प्रति उनके मन में स्थायी घृणा भर गई। इसके लिए उन्होंने जलियांवाला बाग के हत्यारे माइकेल ओरड्वायर को ब्रिटेन में जाकर मौत की सजा दी। इसके बाद ब्रिटिश अदालत में नाम पूछने पर उन्होंने कहा राम मोहम्मद सिंह आजाद।अम्बेडकर मिशन के जीआर टम्टा ने कहा शहीद ऊधम सिंह की विरासत साम्राज्यवाद की क्रूरता के खिलाफ है। आज सरकार लगातार संविधान के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। भाकपा माले से कैलाश पाण्डेय ने कहा कि आज भाजपा, संघ अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी, महिला विरोधी कदमों पर माकूल बना हुआ है इसके जवाब में शहीद ऊधम सिंह की विरासत की मशाल को



थामकर चलना होगा। क्रालोस के मुकेश भंडारी व भीम आर्मी के सिराज अहमद ने कहा कि बड़े पूंजीपतियों और संघ-भाजपा के गठजोड़ से कायम केंद्र की मोदी सरकार हिन्दू धर्म की आड़ में देश में साम्प्रदायिक वैमनस्य बढ़ाते हुए जनता के जनवादी अधिकारों को कुचल रही हैं। सभा में चन्दन, रियाज अहमद, सुन्दर लाल बौद्ध, दीपक चनियाल, भगवती, रिजवान आर्य गुड्डू, रियासत, मुकेश भंडारी, हरीश लोधी, आरपी गंगोली, उमेश चंदोला, नफीस अहमद, जीआर टम्टा,सहित कई लोग शामिल रहे। सभा का संचालन रजनी जोशी ने किया।

# वन विभाग ने अवैध खनन में ट्रक किया सीज

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मानसून गश्त के तहत वन सुरक्षा दल द्वारा उपखनिज का अवैध रूप से अभिवहन करने पर ट्रक को सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मानसून गश्त के तहत वन सुरक्षा दल सोमबार को किच्छा सितारगंज मार्ग पर गस्त पर थी, तभी मुखबिर खास द्वारा दी गई सूचना पर रेता अवैध रूप से बिना रॉयल्टी के चोरी कर ले जाया जा रहा है। सूचना पर तुरंत वन सुरक्षा दल की टीम द्वारा उक्त मार्ग पर घेराबंदी की गई। किच्छा सितारगंज मार्ग पर यूपी 26टी-8838 को आते देख जांच हेतु रोकने का इशारा किया गया, टीम को देखकर वाहन चालक मार्ग के किनारे वाहन खड़ा करके भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अवैध रेता लदा पाया। वाहन की तलाशी में रेता



संबंधी आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र मौके पर नहीं मिला। वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से डौली रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। टीम में प्रमोद सिंह बिष्ट, प्रभारी वन सुरक्षा दल, दिनेश चंद्र बुधलाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता, वन दरोगा, सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी मौजूद थे।

# लापता सैनिक के परिजनों ने मंत्री से लगाई गुहार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को बाजपुर के थाना कैलाखेड़ा निवासी 8 सिख रेजिमेंट के जवान नायक



रंजीत सिंह की माता परमजीत कौर और परिजनों ने मुलाकात की। मंत्री ने परिवारजनों का ढांढस बधाते हुए उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। ऊधमसिंह नगर जनपद के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी सोमवार शाम भारतीय सेना के लापता जवान के परिजनों ने बताया कि वह सिखलाई रेजिमेंट में है और वर्तमान में जम्मू में तैनात है। वह 22 जुलाई को एक माह की छुट्टी काटने के बाद अपनी पल्टन के लिए लौटा किंतु वहाँ नहीं पहुँचा। उन्होंने बताया कि वह 22 जुलाई की शाम 6 बजे दोराहा से बस में बैठा किंतु रविवार को उनके बटालियन से फोन के द्वारा पता चला कि वहाँ नहीं पहुँचा है उससे आगे की जानकारी का अभी तक कुछ पता नहीं लगा। उन्होंने सैनिक कल्याण मंत्री से नायक रंजीत को सकुशल ढूंढने के लिये जनपद पुलिस को निर्देश दिये। मंत्री ने मौके पर ही जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक को निर्देश दिये कि लापता जवान को खोजने के लिये टीम का गठन कर प्राथिकमता पर काम करें। मंत्री ने कहा कि इस संबंध में यदि अन्य राज्य की पुलिस से सहायता लेने हो तो संबंधित राज्य से तत्काल वार्ता की जाये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, सैनिक की माता परमजीत कौर, नाना आत्मा सिंह, ताऊ जनरल सिंह, मामा मनजीत सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर अनाज मंडी किसान भवन में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साहित्य व कवि डॉ0 जयंत शाह की हाल ही में प्रकाशित 'सपनों का रंग नीला क्यों' काव्य संग्रह पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश कुमार, भारत विकास परिषद बाजपुर अध्यक्ष मनोज जैन, राकेश गुप्ता, डा जयंत शाह व काव्यश्री जैन ने दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात बाल कवयित्री काव्या श्री जैन की सरस्वती वंदना से विधिवत शुरूआत हुई। कार्यक्रम में चर्चा किये जाने वाले बिंदुओं की विस्तृत रूपरेखा कार्यक्रम संचालक सुरेन्द्र जैन ने रखी। मुख्य वक्ता राजेश कुमार ने कहा मुंशी प्रेमचंद ने जन सरोकारों साहित्य में स्थान दिया, इसीलिए वे जनता के लेखक कहलाए। 'सपनों का रंग नीला क्यों' हमें इस बात के लिए आश्वस्त करता है कि आज के कवि भी जन भागीदारी में पीछे नहीं है। राकेश ने अपने संबोधन में कहा सपनों का रंग हरा नहीं है, भगवा नहीं है बल्कि कवि के अनुसार नीला है अर्थात कवि सर्वहारा समाज के लिए भी उम्मीदें जगाता है। मनोज जैन के अनुसार जयंत शाह की कविताएं सपने बुनने में




एतराज नहीं जताती बल्कि सपनों को हकीकत में कैसे बदले उस और संकेत भी करती है। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन करते हुए जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रेम चंद के साहित्य और जीवन से हमें सदैव प्रेरणा लेकर नव साहित्य का सृजन करना चाहिए जैसा कि डॉ0 जयन्त शाह ने इस काव्य रचना का सृजन करके किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम में शुभांगी, पल्लवी, पद्म श्री के द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानियों का वाचन किया गया। कार्यक्रम में कुमार प्रमोद, मयंक दीवाकर, वैभव, अमित चौहान, आशीष ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा समझौताः जोशी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण, ग्राम्य विकास तथा जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार पहुँचकर जिला योजना, राज्य व केन्द्र पोषित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि धनराशि का सदुपयोग करते हुए योजनाएं समय से कराना सुनिश्चित करें और योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी दशा में समझोता नहीं किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी बड़ी योजनाएं हैं, उन्हें राज्य योजना में शामिल करने हेतु शासन में प्रस्ताव भेजा जाये। उन्होंने नलकूप विभाग को विकासखण्ड रूद्रपुर की सिसेया, गदरपुर की तिलपुरी, सितारगंज की गिधौर नलकूप निर्माण योजना को राज्य योजना में प्रस्तावित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी विशेषकर, जल संस्थान, पेयजल निगम, लोनिवि, शहरी एवं पंचायतीराज विभाग आपसी तालमेल से कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि ताकि नई सड़कों को पाइप लाइन आदि डालने के लिए खोदने की नोबत न आये और सड़क निर्माण से पहले ही खुदाई से सम्बन्धित कार्य सम्पन्न हो जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता की आवश्यकताओं के बारे में अधिक जानकारी होती है, इसलिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेते हुए योजनाऐं तैयार की जायें। उन्होंने पूरी जानकारियों एवं तैयारियों के साथ आगामी बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी के रिक्त पद को भरने के लिए शासन में पत्र प्रेषित करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये। उन्होंने आपदा से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि काशीपुर तथा बाजपुर क्षेत्र में आपदा से सम्बन्धित कार्य तेजी से किये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिऐ कल्याणी नदी क्षेत्र का पूर्व में हुए सर्वे रिपोर्ट का परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने आपदा राहत हेतु वितरित धनराशि, किये जा रहे एवं प्रस्तावित कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद प्रभारी मंत्री द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन कराया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि जिला योजना की प्रथम किस्त में 2090.53 लाख रूपये की धनराशि सम्बन्धित विभागों को अवमुक्त की जा चुकी है। राज्य सैक्टर में 15873.17 लाख रूपये की धनराशि तथा केन्द्र सैक्टर में 32936.26 लाख रूपए की धनराशि शासन स्तर से अवमुक्त की जा चुकी है। उन्होंने नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउण्ड में कूड़ा निस्तारण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा तथा मेयर रामपाल सिंह ने भी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। बैठक से पूर्व जनपद प्रभारी मंत्री ने शहीद ऊधम सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। बैठक में मेयर रामपाल सिंह, विधायक शिव अरोरा, जिला योजना समिति सदस्य अमित नारंग, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी सहित जिला योजना समिति के सदस्य व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# प्रभारी मंत्री ने की उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री और मंडी बोर्ड के चेयरमैन गणेश जोशी ने मण्डी निदेशालय पहुंचकर उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मण्डी समितियां किसानों के कल्याण के लिए बनी हैं न कि व्यापारी कल्याण के लिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य एवं लक्ष्य है कि किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिले और मण्डी की आय में वृद्धि हो। उन्होंने मंडियों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी की आय



बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंत्री ने कहा कि आय में सर्वाधिक वृद्धि करने वाली मंडियों में प्रथम को 51000 रुपए, द्वितीय को 31000 रुपए तथा तृतीय को 21000 प्रोत्साहन राशि देने के साथ ही संबंधित सचिव का इंक्रीमेंट बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सफाई व्यवस्था में भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मंडियों को भी प्रोत्साहन राशि देने की बात कही। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी सचिव सुनिश्चित करें कि थोक बाजार तथा फुटकर बाजार में सामान के भाव में ज्यादा अंतर न हो। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में एमडी मंडी आशीष भटगाई, महाप्रबंधक निर्मला बिष्ट, महाप्रबंधक विजय कुमार सहित कुमाऊँ की सभी मंडियो के सचिव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण मित्रों ने किया धरना प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के पर्यावरण मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर अश्विनी कुमार के नेतृत्व में पालिका गेट पर धरना प्रर्दशन किया वहीं उप जिलाधिकारी ने एक पत्र अधिशासी अधिकारी को भी जारी किया जिसमें बताया कि पर्यावरण मित्रों द्वारा मिले पत्र में बताया कि पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई का ठेका निरस्त नहीं किया जा रहा है। ठेके में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को मोहल्ला स्वच्छता समिति के जरिए सफाई कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी में नही रखा जा रहा है जिसमें पर्यावरण मित्रों ने वेतन भोगी में तैनाती एवं ठेका प्रथा को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया है और 31 जुलाई को नगर पालिका परिषद गदरपुर



में पूर्णता तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना दिए जाने की चेतावनी दी है उप जिलाधिकारी ने पत्र में अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है कि पर्यावरण मित्रों से वार्ता कर समस्या का नियम अनुसार समाधान करें जिससे की तालाबंदी एवं धरना प्रदर्शन से बचा जा सके वही चल रहे धरना प्रदर्शन में सभासदों ने पहुंचकर भी अपना समर्थन दिया। इस दौरान धरना प्रदर्शन में अश्वनी कुमार,सूरज,पप्पू, सोनू, मोनू, रजत, शिवा,अभिषेक,जितेंद्र,पवन,विक्की,राजीव, रंजीत,विनोद,आदर्श, राजेश, राजू, पिंटू, हरपाल, गुलशन,सुदेश,अजय,मनोज,रामोतार, अजय,अमित, आदि पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

# श्याम अग्रवाल अध्यक्ष, अमित जिंदल महामंत्री और सचिन बने कोषाध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राइस मिल एसोसिएशन के चुनाव में श्याम अग्रवाल अध्यक्ष ,अमित जिंदल महामंत्री एवं सचिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। एक होटल में राइस मिल एसोसिएशन की आयोजित बैठक आयोजित हुई जिसमें श्याम अग्रवाल को अध्यक्ष ,अमित जिंदल महामंत्री एव सचिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी कैलाश अग्रवाल ने चुनाव सम्पन्न कराया। इससे पूर्व निवर्तमान कार्यकारणी द्वारा पिछले वर्ष का लेखा प्रस्तुत किया गया। सदस्यों द्वारा निवर्तमान कार्यकारणी के कार्यों की



सराहना की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम ने कहा कि राइस मिलर्स की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जायेगा। एवं आगामी वर्ष के लिए उद्योग नीति स्थापित की जाएगी। राइस मिलर के पुराने बकाया भुगतान को शीघ्र अति शीघ्र दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवीशंकर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, कैलाश गर्ग, विजय गर्ग, अजय बंसल, पी डी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुमित शायमपुरिया, महेंद्र अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, राधे अग्रवाल, गगन गर्ग, दिनेश गुप्ता, अंकुर मित्तल, प्रवेश अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, राजकुमार बिन्दल एवम् सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# स्व.अशोक सिंह खेड़ा की स्मृति में किया रक्तदान

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी स्व.स.अशोक सिंह खेड़ा जी की जयंती व पुण्यतिथि पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ श्री अनिल कुमार गोसाई जी (रोहतक गुरुग्राम वाले), विधायक अरविंद पांडेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा सयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। रक्तदान शिविर में 3 दर्जन से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान करके पुनीत कार्य किया किया शिविर में काशी चौरिटेबल ब्लड बैंक की टीम के डॉक्टर अब्दुल मन्नान,वीर सिंह, जुबेर, फैजल फैजल,मनोज कुमार, कु.शिवानी द्वारा रक्त ग्रुप चेक



करके ब्लड डोनेट किया, स्व. अशोक सिंह खेड़ा के सुपुत्र प्रभजोत सिंह और विदेश में शिक्षा ग्रहण कर रहे सुपुत्र श्रेष्ठ सिंह तथा पत्नी अमरजीत कौर खेड़ा ने डॉक्टरों की टीम तथा सभी रक्त दाताओं एवं मीडिया बंधुओं के अलावा अन्य समाजसेवियों/ सहयोगियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर योगी सेना के हैप्पी चंद्रा,हरीश अरोरा,नरेश हुड़िया, संजीव अरोड़ा,निपुण गगनेजा ,ज्ञान सिंह, टीकम खेड़ा ,राकेश भुड्डी, चंद्र खेड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उधम सिंह के शहीदी दिवस पर गुरबाणी पाठ आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों देशभक्तों को वैशाखी पर्व पर एक जलसे के दौरान गोलियां चलाकर शहीद करने के आरोपी जनरल डायर को मारकर शहीदों की शहादत का बदला लेने वाले तथा शहीद होने वाले शहीद शिरोमणि उधम सिंह सिंह के शहीदी दिवस पर बुध बाजार स्थित कंबोज धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित करने के साथ गुरु का लंगर अटूट बांटा गया। शहीद ऊधम सिंह के शहीदी दिवस पर कंबोज धर्मशाला में शहीद की प्रतिमा पर सैकड़ों लोगों द्वारा पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सानिध्य में श्री सुखमणि साहिब के बाद पाठ के उपरांत शब्द कीर्तन एवं सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई। कार्यक्रम में भाई राणा सिंह राकेश कुमार सिंह ,दर्शन सिंह, और देवेंद्र सिंह द्वारा गुरबाणी शबद कीर्तन करने के साथ शहीद उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंनेष सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत , पुर्जा पुर्जा कट मरे कबहूं ना छाडे खेत।ष ष्मरता मरता जग मुआ मर भी न जाने कोए,ऐसी मरनी जो मरे बहुर ना मरना होय। शहीद को उधम सिंह को श्रद्धांजलि देने के उपरांत कंबोज महासभा पदाधिकारियों द्वारा विधायक अरविंद पांडे ,पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ,राजेंद्र पाल सिंह ,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,पूर्व पालिका अध्यक्ष सुरेश कंबोज,ग्राम प्रधान गुरविंदर सिंह विर्क, गुरदेव सिंह, दर्शन सिंह ,देशराज सिंह ,हरबंस सिंह, केहर सिंह को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कंबोज महासभा के टेक चंद कंबोज, किशन लाल, सुरेश कंबोज,पूर्ण चंद, ओम प्रकाश, वरयाम चंद्र,राकेश कुमार कंबोज ,श्यामलाल ,शिवलाल, हरिचंद कंबोज,ऋषभ कंबोज, शिवम त्रिपाठी, कश्मीर चंद्र,टालाराम,पं.ताराचंद शर्मा, संतोष गुप्ता,मनोज कंबोज,महेंद्र पाल सिंह,अनिल कुमार, हरलोक सिंह, रमेश चंद, मंगतराम, प्रीत कुमार,आनंद कुमार, राकेश भुड्डी, पंकज सेतिया, बलदेव सिंह, गुलाब राम,गौरव कंबोज, हरनाम सिंह सहित तमाम लोग शामिल रहे।





# सात मित्रों ने पत्नियों के साथ नेत्रदान करने का लिया संकल्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के युवा मित्रों ने अपनी पत्नियों के साथ कुछ ऐसा किया जिसकी सराहना समाज में चारो और हो रही है। कुछ मित्रों ने मिलकर कपल किटी बनाई जिसमें इन मित्रों के द्वारा हर माह एक साथ मिलना उठना किया जाता है। इस बार की किटी सोचो डिफरेंट के संस्थापक विकास भुसरी द्वारा आयोजित की गई। उन्होंने किट्टी में सभी मित्रों के साथ सपरिवार नेत्रदान का संकल्प



दिलाया जिसको सभी मित्रों ने प्रसन्नता पूर्वक संकल्प लिया। इस बात की चर्चा जब सोशल मीडिया पर आई तो चारों ओर इस किट्टी की सराहना होने लगी कपल कि्टटी के माध्यम से भी हम समाज को जागरूक कर सकते हैं यह एक बहुत अच्छी पहल है इससे समाज को एक बहुत अच्छा संदेश जाता है। इस दौरान प्रियंका अंकुश अनेजा,रेणु सोनू कालरा,डिंपल सचिन अनेजा,पूनम विकास भुसरी,सोनम वकुल मुरादिया,अनु कपिल गंडा,अनु दीपक ग्रोवर आदि उपस्थित थे।

# मानसखण्ड कॉरिडोर की सड़कों के लिये मांगे 1000 करोड़

**❑ सीएम धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किये उत्तराखंड के पौराणिक वाद्य यंत्रों की प्रतिकृति सहित भांग के रेशे की शॉल और बेडू के उत्पाद**

**❑ सौंग बांध के निर्माण, मेट्रो नियो परियोजना, ऑलवेदर रोड चारधाम सड़क परियोजना के अवशेष कार्यों की स्वीकृति दिलाए जाने का अनुरोध**

नई दिल्ली/देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर प्रदेश के विकास में उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को स्थानीय भांग के रेशे की शॉल, बेडू के उत्पाद तथा नंदा देवी राजजात यात्रा की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से देहरादून में सड़कों पर परिवहन के दबाव को कम करने और जनमानस को सुरक्षित यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत देहरादून मेट्रो नियो परियोजना के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का ऑलवेदर रोड चारधाम सड़क परियोजना के लिये आभार व्यक्त करते हुए अवशेष कार्यों की स्वीकृति दिलाए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा काठगोदाम-भीमताल ध्यानाचुली- मोरनोला-खेतीखान लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग को पर्यटन/सैन्य आवागमन एवं आम जनमानस के लिए नितान्त उपयोगी होने के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित किया जाना निवेदित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखण्ड में स्थित पौराणिक मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम चरण में 16 मंदिरों के समग्र विकास के लिए निर्माण कार्य हेतु लगभग 1000 करोड़ की आवश्यकता होगी। उन्होंने उक्त धनराशि भारत सरकार के मंत्रालय से राज्य सरकार को उपलब्ध कराये जाने का





अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के साथ सड़कों एवं परिवहन के संबंध में भी चर्चा की तथा अवगत कराया कि सेंट्रल रोड एंड इंनफ्रास्टक्चर फंड से 250 करोड़ के कार्यों की सहमति सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से सौंग बांध के निर्माण की स्वीकृति का अनुरोध करते हुए बताया कि इससे देहरादून शहर की वर्ष 2050 तक की पेयजल समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से इस वर्ष दिसंबर में प्रदेश में प्रस्तावित वैश्विक निवेश सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु भी अनुरोध किया। सोमवार को मुख्यमंत्री की पीएम से करीब साढ़े तीन घंटे की मुलाकात में विकास मुद्दों पर चर्चा हुई। सीएम ने बताया कि सौंग बांध के निर्माण से देहरादून शहर की 2050 तक की पेयजल समस्या का समाधान होगा। उन्होंने पीएम को दिसंबर माह में प्रस्तावित वैश्विक निवेश सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया। सीएम ने पीएम को स्थानीय भांग के रेशे से बना शॉल, बेडू के उत्पाद, नंदादेवी राजजात का परंपरागत वाद्ययंत्र ढोल, दमाऊं, रणसिंघा की प्रतिकृति भी भेंट की। सीएम ने देहरादून शहर में यातायात दबाव कम करने के लिए ग्रीन मॉस रैपिड ट्रांजिट प्रणाली के माध्यम से 1852.74 करोड़ की मेट्रो नियो परियोजना की मंजूरी का अनुरोध किया। बताया कि, इसकी विस्तृत तकनीकी अध्ययन बाद डीपीआर तैयार कर ली गई है। यह प्रस्ताव आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को भेजा दिया गया है। उन्होंने सीआरआईएफ के कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों से प्राप्त कुल 155 कार्यों के 2550.15 करोड़ के प्रस्तावों पर स्वीकृति देने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों के निर्माण व मरम्मत कार्य के लिए केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) को 2000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें 250 करोड़ रुपये के कार्यों के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय सहमति दे चुका है।सीएम ने छह राज्य मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने की मांग की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी सैद्धांतिक सहमति दी थी। उन्होंने 189 किमी के काठगोदाम- भीमताल ध्यानाचुली-मोरनोला- खेतीखान लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग को एनएच में अधिसूचित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि भारत-चीन सीमा में वर्तमान में पिथौरागढ़ के जौलिंगकांग आईटीबीपी पोस्ट को चमोली जिले के लप्थल आईटीबीपी पोस्ट से जोड़ने का मार्ग नहीं है। इसे टनल मार्ग से जोड़ा जाए। इससे दोनों सीमा पोस्ट की दूरी 404 किमी कम होगी। पिथौरागढ़ से लिपुलेख, गुंजी गांव से जौलिंगकांग तक सड़क का निर्माण बीआरओ की ओर से करने का पहले ही सहमति दे चुका है। सीएम ने मानसखंड परियोजना के तहत 16 पौराणिक मंदिरों के लिए डबल लेन सड़क निर्माण के लिए केंद्र सरकार से 1000 करोड़ रुपये मांगे हैं। सड़कों को चौड़ा करने के लिए भूमि अधिग्रहण, वन भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से कर रही है। सड़कों के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय से धनराशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

## बीएड प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी0एड0 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाफन में छात्रा प्रज्ञा श्रीमाली ने 82 प्रतिशत अंक लाकर संस्थान में प्रथम, छात्रा सोनी शर्मा ने 77.71 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं छात्रा मुस्कान फिरदौस ने 77.43 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में छात्रा दिव्या कैरा एवं छात्रा वन्दना सुयाल ने 87.16 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, छात्रा रितुपर्णा राय ने 86.74 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं कमल



मलकानी एवं हेमा जीना ने 86.53 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस सफलता पर संस्थान के प्रबंधक स0 मंजीत सिंह, बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 नीरज कुमार जायसवाल, संस्थान की प्राचार्या डा0 भावना कपूर ने सफल छात्रों को उनके इस सफलता पर शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ0 विनीता पाण्डे, गौरव मिश्रा, संजय कुमार, डॉ0 रजनी छिम्वाल, डॉ0 परविन्दर कौर, डॉ0 नवनीत कौर, डॉ0 नाजिया बानो, डॉ0 रूपाली सक्सेना, श्रीमती असमीत कौर सेठी, श्रीमती प्रिया गुप्ता, कु0 आंचल जुनेजा, संदीप त्रिपाठी, रविकुमार, श्रीमती एकता, अखिलेश खरे, परमजीत सिंह, श्रीमती सर्वजीत कौर, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, श्रीमती कल्पना, राजकुमार, परमानन्द एवं छात्राध्यापक-छात्राध्यापिकायें उपस्थित रहे।







# कौटिल्य, ध्रुव और उद्योन चुने गये बैस्ट सिंगर

## लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता संपन्न





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता के फाईनल में सीनियर, जूनियर और सब जूनियर ग्रुपों में 12 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कड़े मुकाबले के बीच सीनियर ग्रुप में जेसीज पब्लिक स्कूल के



कौटिल्य जूनियर ग्रुप में जेसीज के ध्रुव और सब जूनियर ग्रुप में भी जेसीज पब्लिक स्कूल के उद्यान राय ने बैस्ट सिंगर का खिताब अपने नाम किया। गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन में पिछले दिनों सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिनमें से सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीन ग्रुपों में 36 बच्चों को सेमीफाईनल राउण्ड के लिए चुना गया। सेमीफाईनल में तीनों ग्रुपों में चार-चार प्रतिभागियों को फाईनल के लिए चुना गया। सोमवार को रूद्रा होटल में फाईनल राउण्ड हुआ। जिसका शुभारम्भ मण्डी समिति के पूर्व चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, समाजसेवी हरीश मुंजाल, एमेनिटी स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोरा, राजकुमार मुंजाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं भूरारानी के पार्षद मोहन खेड़ा एवं कार्यक्रम संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि प्रीत ग्रोवर सहित अन्य अतिथियों ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए लोक रचना समिति और संयोजक केवल कृष्ण बतरा के प्रयासों की सराहना की। फाईनल में सीनियर, जूनियर वर्ग और सब जूनियर तीनों वर्गों में कुल 12 प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने मेरे नैना सावन भादो, निगाहे मिलाने को, छाप तिलक सब, मधुवन में राधिका, जिया बेकरार है, सलामे इश्क, लागा चुनरी में दाग, ओरे पिया, सत्यम शिवम सुंदरम, पत्थर के सनम, मेरा नाम चिन चिन चू, आज जाने की जिद ना







करो, अलबेला सजन आयो, आजा वे माही तेरा जैसे गीतों की मंच पर प्रस्तुति दी। तीनों ग्रुपों में प्रतिभागियों के बीच बैस्ट सिंगर का खिताब जीतने के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता की निर्णायक शैली बंसल और सुजाता मण्डल ने प्रतिभागियों को बारीकी से परखने के बाद सब जूनियर वर्ग में जेसीज के उद्‌दयान राय को प्रथम, डीपीएस के आस्तिक नरूला को द्वितीय, और स्वाति राय म्यूजिकल ग्रुप की तृप्ति आनंद को तृतीय घोषित किया। जूनियर वर्ग में जेसीज के ध्रुव प्रथम, जेसीज की नंदिनी बिष्ट द्वितीय और डीपीएस के गुरमन तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में जेसीज के कौटिल्य प्रथम, डीपीएस की स्वीकृति द्वितीय और जेसीज की भूमिका तृतीय रही। बेस्ट सिंगर सहित सभी विजेताओं को अतिथियों ने आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं उपविजेताओं को ट्रॉफी स्व. हंसराज गाबा की स्मृति में हिमांशु गाबा एवं सुधांशु गाबा द्वारा दी गयी। साथ ही आरएस लॉजिस्टिक के एमडी हरीश मुंजाल एवं राजकुमार मुंजाल की ओर से हर फाइनलिस्ट को 1100 का नगद पुरुस्कार प्रदान किया गया। ताराचंद अग्रवाल और भुरारानी पार्षद मोहन खेड़ा की ओर से कई गिफ्ट हैम्पर दिये गये। रुद्रा म्यूजिक अकादमी की तरफ से हर फाइनलिस्ट को 1 महीने की कोचिंग फ्री देने का ऐलान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने भी क्विज में कई ईनाम जीते। इस अवसर पर अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहित बतरा ने किया। मोहित के सफल संचालन की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता के अंत में संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने आयोजन में सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, मयंक कक्कड़, कंवल जीत बाठला, जतिन नागपाल, सुनील यादव, परमपाल सुखीजा, सुमित बांगा, रमेश मिड्डा, दीपक अरोरा, अमित बांगा, पवन गाबा, चेतन बत्रा, उर्वशी, सुषमा अग्रवाल, रजनी बत्रा, ज्योति छाबड़ा, साक्षी बत्रा, श्वेता गावा, टीना आदि थे।













## प्रशासन के खिलाफ श्रमिक यूनियनों ने जताया आक्रोश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शहीद उधम सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए शहादत दिवस न मनाने देने के जिला प्रशासन के फैसले से आहत व मजदूर यूनियनों व जन संगठनों ने कलेक्ट्रेट गेट के परिसर में शहादत दिवस मनाया। इस दौरान आक्रोशित बदौलत मिली आजादी को इस देश में बैठी पूँजीपतियों की सरकार खत्म कर देना चाहती है लेकिन उधम सिंह के नाम से ही बने इस जिले का जिला प्रशासन व इस प्रदेश की सरकार भी हम पर अंग्रेजों जैसा रवैया अपना रही है. हमें उधम सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण तक नहीं करने दे रही है। शासन प्रशासन चाहता है कि



वक्ताओं ने कहा कि शहीद उधम सिंह आजादी के लिए लड़ने वाले क्रांतिकारी योद्धा थे। उन्होंने इस देश की जनता को अंग्रेजों से आजाद कराने और आजादी के लिए आंदोलन करने वाले भारतीयों का कत्ल करवाने वाले अंग्रेज अफसर लंदन में जाकर मारने के बाद अपनी शहादत दी। तमाम क्रांतिकारियों की शहादत की शहीद उधम सिंह के विचारों पर कोई ना चले। वक्ताओ ने कहा कि हम जो शहीद उधम सिंह के विचारों पर चलना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि काले अंग्रेजों का राज आ गया है। पुलिस द्वारा कलेक्ट्रेट गेट पर ही रोके जाने से नाराज व आक्रोशित मजदूर संगठन के लोगों ने गेट पर ही उधम सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया। याद करते हुए कहा कि देश का मजदूर, किसान व मेहनतकश जनता को सरकारों ने पूजीपतियों का गुलाम बना दिया है। चारों ओर मजदूरों का बेतहाशा शोषण हो रहा है, मजदूर अपना पेट काटकर जैसे तैसे जी रहा है। इस अवसर पर क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के अध्यक्ष शिवदेव सिंह ,इंकलाबी मजदूर केंद्र के अध्यक्ष कैलाश भट्ट, श्रमिक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, समाजसेवी सुब्रत विश्वास, राने मद्रास यूनियन के अध्यक्ष कमलेश कार्की, पीडीपीएल वर्कर यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह चिलवाल ,इंट्राक मजदूर यूनियन के महामंत्री सौरव सिंह, भाकपा (माले )के जिला सचिव ललित मटियाली, रैकेट इंडिया यूनियन के सुरेंद्र सिंह आदि ने शहीद उधम सिंह को याद करते हुए अपने वक्तव्य दिए। इस अवसर पर किरण पांडे, धर्मेंद्र पटेल , करण पटेल, पुरुषोत्तम ,हीरा सिंह राठौर, महेश चम्याल, जयशंकर सिंह जयपाल जगदंबे का प्रसाद ललित रावत, चरण सिंह, अरविंद वर्मा सहित सैकड़ों मजदूर यूनियनों के लोग मौजूद थे।

## अग्रवाल महिला समिति की सुषमा पुनः अध्यक्ष बनी

### प्रिया महामंत्री व ऊषा कोषाध्यक्ष बनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल धर्मशाला में महिला समिति की नई कार्यकारिणी का आगामी 2 वर्षों के चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें सुषमा अग्रवाल को सर्वसम्मति से एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त प्रिया अग्रवाल को महामंत्री तथा उषा श्यामपुरिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी ताराचंद अग्रवाल की उपस्थिति मे चुनाव संपन्न हुआ। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने कहा एक बार फिर समाज की बहनों ने चाहा और उन्हें अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया। सुषमा अग्रवाल ने कहा कि वह अपनी जिम्मेवारियों की कसौटी पर पूरी तरह से खरी उतरेंगी और समाज को नए आयाम देने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा समाज की सभी मातृशक्ति के साथ तीज, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह, करवा चौथ सहित समाज के सभी उत्सव धूमधाम से मनाए जायेंगे। श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि महिला समिति द्वारा जिस विश्वास के साथ उन्हें अध्यक्ष के रूप में समाज की महिलाओं के साथ ही युवा पीढ़ी को एकजुट कर सभी को अग्र समाज के संस्कारों तथा रीति रिवाजों से अवगत कराने का दायित्व सौंपा है उनके विश्वास को बनाए रखूंगी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल महिला समिति पूर्व की तरह सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी। महामंत्री प्रिया गर्ग और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया ने भी अपने पद का पूर्णतया निर्वाह करने और एकमत होकर काम करने का प्रण लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष गौतम रूंगटा, महामंत्री कुशल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल ने महिला समिति की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। चुनाव के दौरान कांता अग्रवाल, नीतू रुंगटा, रचना झुनझुनवाला, राधा अग्रवाल, शालिनी गोयल, उषा अग्रवाल, ज्योति गोयल, पुष्पा







गर्ग, रश्मि जिंदल, अंजू बंसल, नीतू गोयल, मीनाक्षी गर्ग, अनुराधा जैन, लक्ष्मी अग्रवाल, ममता गोयल, नीलम अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, कुसुम जैन, आशा खंडेलवाल, दीपा अग्रवाल, बबीता मित्तल, सुमन मित्तल, गोमती मित्तल, ममता मित्तल,अंजना अग्रवाल, गीता श्यामपुरिया, पूनम गुप्ता, मधु बंसल, अंकिता अग्रवाल आदि तमाम महिलाएं मौजूद थी।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भीड़ हिंसा की प्रवृत्ति

पिछले कुछ वर्षों में भीड़ हिंसा एक भयावह अराजक प्रवृत्ति के रूप में उभरी है।सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और निर्देशों पर अमल न करना जैसे सरकारों की आदत बन गई है। वे प्रायः उनसे बचने का प्रयास करती या फिर उन्हें नजरअंदाज करती देखी जाती हैं। भीड़ हिंसा के मामले में पांच साल पहले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुझाए उपचारात्मक उपायों पर अमल करने संबंधी निर्देशों के मामले में भी यही हुआ।अगर केंद्र और राज्य सरकारों ने गंभीरता से उन उपायों पर अमल किया होता तो नए सिरे से भीड़ हिंसा की घटनाएं न हो पातीं। मगर ऐसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी ही हुई है। इसे लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और महाराष्ट्र, ओड़ीशा, राजस्थान, हरियाणा, बिहार और मध्यप्रदेश की राज्य सरकारों से पांच साल पहले जारी निर्देश के बाद से वर्षवार आंकड़े तलब किए हैं कि भीड़ हिंसा रोकने की दिशा में क्या काम किए गए हैं।गौरतलब है कि पांच साल पहले तहसीन पूनावाला मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को कड़ी चेतावनी देते हुए ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कुछ उपचारात्मक उपाय सुझाए थे, जिन पर सभी राज्यों को अनिवार्य रूप से अमल करना था। मगर स्थिति यह है कि जब-तब विभिन्न राज्यों से गोमांस तस्करी के शक में या फर्जी खबरों, अफवाहों के प्रभाव में भीड़ हिंसा की घटनाएं सामने आ जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भीड़ हिंसा एक भयावह अराजक प्रवृत्ति के रूप में उभरी है। सबसे अधिक ऐसी घटनाएं गोरक्षा के नाम पर हुई हैं। समाज में कुछ ऐसे स्वयंभू गोरक्षक दल पनपे हैं, जो गोमांस और गो-तस्करी पर निगरानी रखते हैं। अगर इन्हें किसी भी तरह का शक होता या कहीं से कोई सूचना मिलती है कि गोमांस या गायों की तस्करी की जा रही है, तो वे मामले की बिना जांच-पड़ताल किए हमला कर देते हैं। कई मामलों में तो जघन्यतम हत्याएं कर दी गईं। इनमें विशेष रूप से एक ही समुदाय के लोग शिकार बनते हैं। ऐसी घटनाओं के मद्देनजर तहसीन पूनावाला मामले की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति या समूह को इस तरह निगरानी करने, कानून को अपने हाथ में लेने और ऐसे मामलों का फैसला सड़क पर करने का अधिकार नहीं है। जब किसी प्रकार के विचार वाला कोई समूह कानून को अपने हाथों में लेता है तो इससे अराजकता और अव्यवस्था फैलती है और अंततः हिंसक समाज का उदय होता है। यह शासन और संविधान के ऊंचे मूल्यों का अपमान है। सर्वोच्च न्यायालय ने भीड़ हिंसा को रोकने के लिए सरकारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा था कि भीड़ हिंसा वाले क्षेत्रों की पहचान कर राज्य सरकारें प्रत्येक जिले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करें। अपनी शक्ति का प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर करना प्रत्येक पुलिस अधिकारी का कर्तव्य होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। पुलिस गैर-जिम्मेदाराना प्रचार करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेगी। मगर हकीकत यह है कि अब भी लोगों को भीड़ के रूप में इकट्ठा होकर हिंसा करने के लिए उकसाने के मकसद से फर्जी और भड़काऊ सूचनाएं प्रसारित करने और निगरानी समूह बनाने वाले बाज नहीं आए हैं। बिहार के सारण और महाराष्ट्र के नासिक में गोमांस की तस्करी के शक में हुई भीड़ हिंसा हाल के उदाहरण हैं। देखना है, सरकारें इस मामले में क्या सफाई पेश करती हैं।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीएम ने ली बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने 21 अगस्त तक चलने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ जिला कार्यालय सभागार में बैठक ली। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों को त्रुटिरहित बनाये जाने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 अगस्त 2023 तक बी०एल०ओ० के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचियों का भौतिक सत्यापन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र व्यक्ति जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है, निधारित प्रारूप पर आवेदन कर, अपना नाम दर्ज करा सकते हैं साथ ही मतदाता सूची में दर्ज किसी भी प्रविष्टि के शुद्धिकरण एवं मृत्यु, व्यक्ति के बाहर चले जाने एवं स्थानान्तरित मतदाता का नाम मतदाता सूची से नियमानुसार हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है। जिला



निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध व त्रुटिरहित तैयार करने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर बी० एल०ए० नियुक्त करते हुए उसकी सूची जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करा दें ताकि बीएलओ तथा बीएलए के मध्य संवाद कायम हो। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई मतदेय स्थल जीर्णशीर्ण अवस्था में है या मतदेय स्थलों के किसी अन्य कारण से मानकीकरण, संशोधन, परिवर्तन या मतदेय स्थलों एवं अनुभागों की सीमाओं का सही ढंग से निर्धारण आदि के सम्बन्ध में सुझाव या आपत्ति हो तो जिला निर्वाचन कार्यालय या सम्बन्धित क्षेत्र की तहसील में सम्पर्क कर सकते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय भारत सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट पूनम पन्त, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी भास्करनान्द पाण्डे, प्रदेश कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी योगेन्द्र यादव, जिला कार्यालय मंत्री भाजपा गजेन्द्र प्रजापति, कांग्रेस पार्टी प्रतिनिधि सुनील आर्य, जिला कोषाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी महेन्द्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष बसपा ओमकार सिंह, सचिव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी राजदशमेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# 3 .23 करोड़ की लागत से होगा 6 सड़कों का निर्माण: बेहड़

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में 3 .23 करोड़ की लागत से होगा 6 सड़कों का निर्माण कराया जायेगा। राज्य योजना के तहत लगभग 7 किलोमीटर सडक निर्माण की मंजूरी मिल गई है। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा बताया कि उनके द्वारा लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपालमहाराज से मिलकर किच्छा विधानसभा के अंतर्गत अनेक सड़कों के निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव दिए गए थे। जिनमे से 6 सड़को के निर्माण राज्य योजनाओं के तहत कराये जाने के आदेश लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड देहरादून को प्राप्त हो चुका है। इन सड़कों की कुल लंबाई लगभग 7 किलोमीटर है तथा इनके निर्माण में आने वाली लागत लगभग 3 करोड 23 लाख 33 रुपए है। उन्होंने बताया कि जिन सड़कों का निर्माण कराया जायेगा उनमें खमरिया लिंक मार्ग से महराया तक संपर्क मार्ग का प्रीमिक्स कारपेट द्वारा पुनः निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य जिसकी लम्बाई 1.7 किलोमीटर लागत 52.83 लाख रूपये है। बड़ौरा से चकोनी तक मार्ग का प्रीमिक्स कारपेट द्वारा पुन: निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य जिसकी लम्बाई 1.5 किलोमीटर तथा लागत 45.87 लाख है। रायपुरा सैजना लिंक मार्ग का प्रीमिक्स कारपेट द्वारा पुन: निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य जिसकी लम्बाई 525 मीटर तथा लागत 14.31 लाख है। ग्राम भंगा में प्राइमरी स्कूल से मंदिर तक पीसी द्वारा मार्ग का नव निर्माण कार्य जिसकी लम्बाई 700 मीटर तथा लागत 79.24 लाख रुपयर है। ग्राम शांतिपुरी 3 से 2 तक मार्ग का निर्माण जिसकी लम्बाई 821 मीटर तथा लागत 36.41 लाख है। ग्राम भगवानपुर में महेन्द्र सिंह के घर से कमल फुलारा के घर तक सडक का पुन: निर्माण एवं नव निर्माण कार्य जिसकी लम्बाई 1.5 किलोमीटर तथा लागत 94.67 लाख है। किच्छा विधानसभा की इन सभी सड़को के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु श्री बेहड़ ने उत्तराखंड के लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज का धन्यवाद तथा आभार जताया। साथ ही विधानसभा के निवासियों को आश्वासन दिया कि विधानसभा की प्रत्येक सड़क का निर्माण कराए जाने हेतु वे लगातार प्रयासरत है तथा किच्छा विधानसभा के प्रत्येक छोर तक विकास कराया जाएगा। साथ ही श्री बेहड़ ने पूर्व में सतपाल महाराज द्वारा किच्छा में स्वीकृत की गयी सड़कों के लिए उनका आभार जताया।

# बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फल शत-प्रतिशत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के ऑनलाइन घोषित परिणाम में श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता साहिब में बी0 एड0 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। जिसमें बी0 एड0 प्रथम सेमेस्टर में राहुल गहतोडी ने 83.70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान, कदर जहाँ ने 82.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा डिक्टीया डिशु ने 80.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा तृतीय सेमेस्टर मे सपना कौर 88.20 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा मे प्रथम स्थान, अंजना मेहता 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा दीपिका उप्रेती 87.71 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। इस मौके पर महाविद्यालय संरक्षक बाबा तरसेम सिंह, प्राचार्या डॉ0 सीता मेहता तथा बी0 एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 इंदु बाला सक्सेना सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दिल्ली से पुराने आशिक के घर पहुंच किया हंगामा, दोनों पक्षों की रपट दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। किसी बात को लेकर बेहद खफा होकर दिल्ली निवासी प्रेमिका यहां अपने पुराने आशिक के घर पहुंची तो मौके पर जमकर हंगामा तथा मारपीट हो गई। मामला पुलिस तक पहुंच गया। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी तो पुलिस ने भी कार्रवाई में कोताही नही बरती और दोनों के खिलाफ क्रॉस रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी तहरीर में शिवालिक विहार बिठौरिया नंबर एक निवासी रितिक तिवारी पुत्र कैलाश चन्द्र तिवारी ने कहा है कि एक साल पहले उसकी दोस्ती झंडेवालान दिल्ली निवासी प्रार्थना शर्मा पुत्री पवन शर्मा से हुई थी। लेकिन बाद में दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई और दोनों के बीच इसी वर्ष अप्रैल से बातचीत बंद हो गई। आरोप है कि इसके बाद प्रेमिका प्रार्थना आए दिए उसे, उसके रिश्तेदार, माता-पिता और भाई को धमकाने लगी। बीती 30 जुलाई की सुबह साढ़े 8 बजे प्रार्थना उसके घर पहुंच गई। गाली-गलौज करते हुए उसकी मां को धमकाया और पैसों की मांग करने लगी। बोली कि जब तक उसे पैसे नहीं मिलेंगे वो घर से नही जाएगी। रीतिक का यह भी आरोप है कि प्रार्थना ने उसे रेप केस में फंसाने की धमकी दी। वहीं प्रार्थना का आरोप है कि रितिक उसे गाली देता था। जिसकी शिकायत करने वह उसकी मां से मिलना चाहती थी। उसने घर की घंटी बजाई तो रितिक का बड़ा भाई आया। उसने मां को बुलाने के लिए कहा। लेकिन बड़े भाई ने रितिक को बुला लिया। आरोप है कि रितिक ने तीन लड़कों के साथ उसे थप्पड मारा, गालियां दीं, पेट में घूंसा मारा और बाल खींच कर अंदर ले गए। फोन तोड़ दिया, डराया धमकाया और फिर खुद पुलिस बुला ली। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आधार कार्ड सेन्टर बंद रखने पर कैबिनेट मंत्री को भेजा ज्ञापन

सितारगंज(उद संवाददाता)। बालविकास परियोजना विभाग में आनलाइन पंजीकृत आधार सेंटरों को बंद रखने से आमजन को हो रही असुविधा को देखते हुये सभासद ने कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। मंगलवार को वार्ड 5 सभासद रवि रस्तोगी ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को भेजे ज्ञापन में कहा है कि, सितारगंज के बालविकास परियोजना विभाग में आधार कार्ड सेंटर की आनलाइन बेवसाइड में छह सेंटर संचालित होना दर्शाया जा रहा है। समस्त छह सेंटरों पर आधार कार्ड निर्गत करने की आनलाइन प्रोसेज भी अंकित है। लेकिन विभाग में मौके पर एक ही सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिसमें नवजात शिशु, छोटे बच्चों का नवीन आधार कार्ड बनाने के लिए जरुरतमंदों की भीड़ लगती है। विभाग के अधिकारी जानकारी लेने पर अन्य पांच आधार सेंटर जो बालविकास विभाग के नाम से कार्यालय में आनलाइन संचालित हो रहे उनकी न ही सही जानकारी दे रहा है, न ही उन्हें कार्यालय में आमजन की सुविधा के लिए संचालित करा रहे है। बताया कि क्षेत्र में संचालित अन्य आधार कार्ड सेंटरों पर लोगों से निर्धारित धनराशि के अतिरिक्त चार्ज वसूल जा रहे है। बुजुर्ग लोगों के फिंगर प्रिंट मशीनों में प्रिंट न होने से उन्हें राशन नही मिल पा रहा है। उन्होंने मांग करते हुये कहा कि प्रत्येक नागरिक से कनेक्ट आधार कार्ड सेंटरों की जांच कर समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

# मणिपुर में शांति के लिए इसाई समाज ने की प्रार्थना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गंगापुर रोड स्थित संत अन्ना चर्च में मणिपुर में शांति व्यवस्था के लिए प्रार्थना की गई। चर्च के फादर अरुण ने चर्च की मिस्सा बलिदान के बाद सभी ईसाई समुदाय के साथ मिलकर मणिपुर के लिए प्रार्थना की। पूरे देश में शांति बनाए रखने के लिए और विशेष रूप से मणिपुर में सताई हुई बच्चियों महिलाओं के लिए ईश्वर से प्रार्थना की कि जिनके साथ अमानवीय घटना हुई है ईश्वर उन्हें सांत्वना दें और साथ में ही प्रार्थना की कि हमारे देश के मंत्रियों को अच्छी सोच मिले ताकि वह




मणिपुर में न्याय कर सके। मणिपुर के साथ-साथ सभी देशवासियों के लिए प्रार्थना की कि समाज में सभी लोग इस देश में रहकर सभी महिलाओं का सम्मान करें और उनको इज्जत दे। साथ में ही संत अन्ना चर्च की सभी बहनों ने सिस्टर एलिजाबेथ सुपीरियर प्रधानाचार्य सिस्टर प्रिया समाज सेवा की कोऑर्डिनेटर सिस्टर शारदा अन्य सभी लोगों ने मणिपुर के लिए प्रार्थना की कि ईश्वर सबको सद्बुद्धि दे पूरे देश में शांति बनी रहे।

# फाइनेंस कंपनी ने महिलाओं से की लाखों की धोखाधड़ी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली के मुखानी थाना में एक फाइनेंस कंपनी के खिलाफ लाखों रुपये गबन करने का मामला सामने आया है। करीब आधा दर्जन महिलाएं ने उक्त कंपनी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में आरोपी कंपनी के मालिक पंकज वर्मा के खिलाफ पूर्व में भी धोखाधड़ी का मामला चल रहा है। मुखानी क्षेत्र निवासी पुष्पा नेगी ने बताया कि पंकज वर्मा ने म्यूचल फंड कंपनी खोली थी। जिसमें कई महिलाओं को एजेंट के रूप में रखा गया था। उन्होंने यहां से लोन के तौर पर 10 हजार रुपये की राशि उधार लिया था। इसके बदले ब्लैंक चेक भी लिया गया था। अब आरोपियों ने उस चेक में 5 लाख रुपये की राशि लिखकर गबन किया है। जो बाउंस हो गया है। इसके अलावा, अन्य कई महिलाओं के पैसे भी गबन किए गए हैं। इस मामले में महिलाओं ने एसएसपी पुलिस पंकज भट्ट से मिलकर शिकायत की है। पुलिस ने आरोपी कंपनी के मालिक पंकज वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और गहनता से जांच जारी है। संबंधित अधिकारियों ने इस मामले में न्याय के लिए सख्ती से कार्रवाई करने का वादा किया है।

# नौ भवन स्वामियों के किए कोर्ट चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थानाध्यक्ष काठगोदाम प्रमोद पाठक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी दमुआ ढुंगा उनि महेंद्र राज सिंह द्वारा दमुआढुंगा क्षेत्र में सघन किरायेदार सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिक से अधिक लोगों को पुलिस सत्यापन कराने हेतु जागरूक किया गया। अपने निवास स्थानों में बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 9 मकान स्वामियों के विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम



के अंतर्गत 10- 10 रुपए के कुल 90,000 रुपये कोर्ट के चालान किए गए। पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिगत सभी से अपील की कि कोई भी बिना सत्यापन के अपने यहां किराएदार न रखें।सत्यापन हेतु उत्तराखंड पुलिस ऐप में आनलाइन के माध्यम से भी सत्यापन कराने हेतु जागरूक किया गया। पुलिस टीम में उनि महेंद्र राज सिंह, कांस्टेबल भुवन चंद्र, बसंत कुमार व होमगार्ड कर्मी प्रेम कुमार शामिल थे।

# शहीद उधम सिंह को किया नमन

गदरपुर(उद संवाददाता)। महिमा चौरिटेबल सोसायटी की गदरपुर द्वारा सोसायटी की अध्यक्ष चंद्रिका फौगाट के नेतृत्व में टीम ने बुध बाजार स्थित कंबोज धर्मशाला गदरपुर में शहीद ऊधम सिंह जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको




श्रद्धांजलि अर्पित की । इस दौरान सोसाइटी के संगठन मंत्री मोहित सिंह घुगतयाल,सिद्धांत दिवाकर, रेनू बिष्ट,पलक ठुकराल,रीना शर्मा,सतनाम कौर, अनीता रानी, धर्मपाल ठुकराल एवं बाबा सतनाम चंद कंबोज आदि मौजूद थे ।

# डा.अंबेडकर की मूर्ति बदलने के खिलाफ प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सितारगंज से आए दर्जनों अम्बेडकरवादी समाज के लोगों ने सितारगंज स्थित संत रविदास मंदिर (अम्बेडकर प्रतिष्ठान / अम्बेडकर स्कूल) में स्थापित डा. अंबेडकर की मूर्ति को हटाकर नई मूर्ति लगाने के विरोध में एस एस पी कार्यालय में प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि उक्त परिसर में समाजिक सहयोग से डॉ० भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति की स्थापना अम्बेडकरवादी समाज द्वारा आर्थिक सहयोग से अस्था व भावना के साथ स्थापित किया गया था। चूंकि मूर्ति स्थापना दशकों पुरानी है । समस्त अम्बेडकरवादी समाज की आस्था का केन्द्र बिन्दु है। डॉ० साहब की मूर्ति जो कि वर्तमान में किसी भी प्रकार से खण्डित नही है को राजनीतिक स्वार्थ से बदलने का प्रकरण संज्ञान में आ रहा है। जो आपत्तिजनक है। विद्यालय भवन जीर्ण-शीर्ण हो चुका है को न बनवाकर बाबा साहब की मूर्ति बदलने पर जोर दिया जा रहा है जो कि गलत है।अम्बेडकर प्रतिष्ठान के निकट का चौराहा अम्बेडकर चौक घोषित है। उक्त चौराहे पर पूर्व में अम्बेडकर चौक नगर पालिका सितारगंज ध्वस्त कर दिया गया। उक्त स्थान पर ही मानको को पूरा कर बाबा साहब की मूर्ति स्थापित की जाये । ग्राम सभा लौका / गोठा / विरेन्द्रनगर / नकहा / इन्द्रानगर के अन्तर्गत दलित समाज की सस्था की जमीन स्थापित है। उक्त जमीन पर भी डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति स्थापित की जा सकती है। यदि यहां नई मूर्ति लगाई गई तो समाज पुरजोर विरोध करेगा तथा उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी ।



# निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स के लिए प्रवेश शुरू

काशीपुर(उद संवाददाता)। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां भी आत्मनिर्भर बने और अपने सपने साकार कर सुखमय जीवन जिएं इसके लिए डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती उर्वशी दत्त बाली के प्रयास निरंतर जारी हैं। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हरियाली तीज महोत्सव के उपलक्ष में आगामी 15 अगस्त से श्रीमती बाली द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के लिए मोनालिसा मेकअप स्टूडियो के सहयोग से निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स शुरू कराया जा रहा है। श्रीमती बाली ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारोंकी बेटियों से कहा है कि शुरू होने जा रहे इस बैच में 20 लड़कियां होंगी। वें समय रहते बाजपुर रोड पर ग्लोबल हॉस्पिटल के निकट स्थित मोनालिसा मेकअप स्टूडियो पर उसकी संचालिका श्रीमती सुषमा चिकारा के यहां अपना एडमिशन करा लें। श्रीमती उर्वशी दत्त बाली ने कहा है कि बेटी को पढ़ाने से दो-दो परिवार उन्नति करते हैं और बेटियों की शिक्षा से समाज में ज्ञान की रोशनी फैलने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता आती है इसलिए वें पिछले कई वर्षों से गरीब परिवारों की बेटियों को व्यवसायिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हैं और अब तक ऐसी दर्जनों बेटियों को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बना चुकी हैं। उनका यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शुरू होने जा रहे इस एक वर्षीय ब्यूटीशियन कोर्स में एक लड़की पर 70हजार रू खर्च होंगे जिसमें से लड़कियों को अपने पास से केवल 15 हजार की ब्यूटीशियन किट लानी होगी जबकि प्रत्येक लड़की पर शेष बची 55 हजार की राशि डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती उर्वशी दत्त बाली द्वारा खर्च की जाएगी। उधर मोनालिसा मेकअप स्टूडियो की संचालिका श्रीमती सुषमा चिकारा जिन्हें पिछले 36 वर्षों का लंबा अनुभव है उन्होंने बताया कि वें भी समाज सेवा के प्रति पूर्व की भांति प्रतिबद्ध हैं और उनके मेकअप स्टूडियो पर लड़कियों को प्रशिक्षण के दौरान बिजली पानी सहित अन्य सुविधाओं पर जो पैसा खर्च होगा वह नहीं लिया जाएगा।



# यातायात पुलिस ने महिला को लौटाया खोया हुआ पर्स

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला का खोया हुआ पर्स यातायात पुलिस की ईमानदारी की वजह से वापस मिल गया। पर्स और उसमें मौजूद सोने की अंगूठी समेत अन्य सामान सुरक्षित मिलने पर महिला के चेहरे की खोई हुई मुस्कान वापस लौट आई। दरअसल इंदिरा चौक पर एक महिला का पर्स गिर गया था। जिस पर यातायात



पुलिसकर्मी कॉन्स्टेबल विनोद डंडरियाल एवं महिला कॉन्स्टेबल वसुंधरा शाही की नजर पड़ी तो उन्होंने पर्स को सुरक्षित अपने पास रख लिया। पर्स में सोने की अंगूठी, चांदी के कंगन, एवं अन्य कीमती सामान था व आधार कार्ड भी रखा था। यातायात निरीक्षक विजय विक्रम ने बताया कि कुछ देर बाद महिला अपना पर्स ढूंढते हुए इंदिरा चौक की ओर आई आई तो यातायात पुलिस ने उसे परेशान हालत में देख लिया और आध ार कार्ड के आधार पर यातायात पुलिस कर्मियों ने उक्त महिला को कीमती सामान सहित पर्स लौटा दिया। महिला द्वारा पर्स मिलने पर यातायात पुलिस कर्मियों का धन्यवाद दिया गया एवं उनकी ईमानदारी की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

# नवजात को स्तनपान कराने के लिए महिलाओं को किया जागरूक

गदरपुर । विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान वार्ड नं.7 आंगनवाड़ी केंद्र द्वितीय में कार्यकर्ती गीता सक्सेना द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं को बताया कि 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें थीम के रूप में शिशु को स्तनपान कराया जाना अति



आवश्यक है उन्होंने बताया कि प्रसव के 1 घंटे बाद नवजात शिशु को स्तनपान करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि नवजात शिशु में रोग प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न हो उन्होंने बताया कि कामकाजी माता-पिता एवं अन्य लोगों को बदलाव के लिए जागरूक किया जाना अति आवश्यक है । इस मौके पर सहायिका किरण बाला, आशा कार्यकर्ती सुमन चतुर्वेदी, आमना,अंजुम, सीमा रानी,प्रियंका,रहनुमा, मुक्ता भगत आदि महिलाएं मौजूद रही।

# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पास की नेट/जेआरएफ परीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने वर्ष 2023-24 की नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस परीक्षा के उत्तीर्ण करने के साथ ही ये विद्यार्थी असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति पाने के पात्र हो गये हैं। कु. मानसी तथा विजय कुमार ने इतिहास विषय में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। साथ ही हिमांशु जोशी ने इतिहास विषय में ही जेआरएफ



परीक्षा उत्तीर्ण की। अर्थशास्त्र विभाग के रवि कुमार ने जेआरएफ परीक्षा तथा वाणिज्य विषय की ज्योति मनराल ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डीसी पंत ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। रेमेडियल प्रभारी डा. नरेश कुमार तथा सह प्रभारी डा. रीनू रानी मिश्रा को रेमेडियल क्लासेज के माध्यम से इन छात्र-छात्राओं के परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सहयोग करने की सराहना की। प्राचार्य ने समस्त विभागों के प्रभारियों तथा रेमेडियल समिति के सदस्यो को भी बधाई दी है।

# पेज एक का शेष...

**सड़कों पर उतरे...**पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जिले भर से हजारों की संख्या में किसान, महिलाएं, व्यापारियों के साथ ही विभिन्न संगठनों के लोग भूमि बचाओ आंदोलन में बाजपुर पहुंचे। किसानों सहित अन्य लोगों ने यहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कहा कि वह अपना हक लेकर रहेंगे। सरकार नहीं मानी तो बड़ा किसान आंदोलन जिले में खड़ा किया जायेगा और सरकार को झुकने के लिए मजबूर किया जायेगा। इस दौरान भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने कहा पिछले तीन सालों बाजपुर क्षेत्र के 5838 एकड़ भूमि पर बसे किसान, मजदूर और व्यापारी परिवारों का जीना दूभर हो चुका है। सरकार द्वारा भूमिधरी अधिकारों को छीनने के बाद परिवारों की शादियां बाधित और युवाओं की शिक्षा प्रभावित हो रही है। इसके अलावा क्षेत्र में चल रही आर्थिक गतिविधियां पूर्णत बंद है, जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा पिछले 3 वर्ष से भी अधिक समय से उत्तराखंड के विभिन्न मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और विधायकों आदि के बार-बार दिए गए आश्वासनों के बावजूद भी भूमिधरी अधिकार वापस नहीं लिया गया है। कहा कि सरकार के उपेक्षापूर्ण और तानाशाही रवैये से आजिज आए लोगों ने अब आर पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार किसानों के अधिकार वापस नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने कहा कि इस प्रदर्शन के बाद भी सरकार नहीं मानी तो तहसील में अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया जायेगा।

**पुलिस और बदमाशों में...**टीम ने मौके से ही घटना की सूचना वरिष्ठ अधि कारियो को दी । पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मो. जाकिर पुत्र मो.दीन निवासी वार्ड 15 किच्छा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोबाईल बरामद हुआ। दूसरे ने अपना नाम पता वसीम पुत्र सुलेमान निवासी वार्ड 15 किच्छा बताया। इसकी जामातलाशी मे इसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोबाईल बरामद हुआ। तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम पता भूरा पुत्र अज्जू निवासी वार्ड 12 किच्छा बताया। तलाशी लेने पर इसके पास कुल 5000 रूपये नगद व एक अदद चाकू बरामद हुआ। चौथे व्यक्ति ने अपना नाम पता चमन बाबू पुत्र नेमचन्द्र निवासी रायनवादा थाना बहेडी जिला बरेली बताया। उसके पास से एक अदद चाकू, 220रूपये नगद व मोबाईल बरामद हुआ। पाचवें व्यक्ति ने अपना नाम राघवेन्द्र कुमार गंगवार पुत्र झम्मनलाल निवासी गिदपुरी थाना किच्छा बताया। उसके पास से एक अदद चाकू , कुल 570 रू0 नगद व एक मोबाईल बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर 02 अदद मोटरसाइकिलें यूके 06 एबी 9018 तथा यूके 06 एपी 5042, तीन आंक्सीजन सिलेन्डर भरे हुए, पाईप लम्बाई करीब 10 मीटर मय कटर मय आक्सीजन रेग्यूलेटर के बरामद किया। इसके अलावा मौके पर खडे एक ट्रक संख्या यूके 06 सीबी 3439 के अन्दर लगभग 5 टन कटे हुए लोहे की चादरे व मशीने बरामद कीं। पूछताछ मे चमन बाबू ने पुलिस को बताया कि यह बन्द पडी फैक्ट्री सूदखोर चिराग अग्रवाल व उसके पिता अजय अग्रवाल की है जो पिछले आठ सालों से बन्द पडी है। जिसे बैक ने कुर्क किया है। वह अपने मालिक अजय अग्रवाल व चिराग अग्रवाल के कहने पर ही यहाँ से लोहा कटवाकर एक डीलर के माध्यम से लालपुर स्थित एक फैक्ट्री मे यह माल ले जाते हैं। उसने बताया कि पहले हमसे यह काम चिराग अग्रवाल करा रहा था जो आजकल सूदखोरी के मामले मे ट्राजिट कैम्प से जेल गया है और उसके पिता अजय अग्रवाल के कहने पर हम लोग यह काम कर रहे हैं। माल बेचने के बाद हम सबको हमारा हिस्सा मिल जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि मालिको ने बताया है कि बीच मे पुलिस या कोई भी आ जाय गोली चला देना। जिस कारण हम लोग अपने पास हथियार रखते हैं। यह हथियार हमे जेल जाने से पूर्व चिराग अग्रवाल ने लाकर दिये थे । पुलिस ने बरामद हथियार, वाहन व अन्य सारा सामान कब्जे में लेकर पकड़े गये सभी बदमाशों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बरामद हथियारों की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है।

**ट्रैक्टर ट्राली से ..** दौरान कार का आधा हिस्सा ट्राली के नीचे घुस गया। चीख-पुकार सुनकर राहगीर रुक गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कार के अंदर से छात्रों को बाहर निकाला। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि हिमांशु मेहर की मौत हो गई और तीन घायल हैं। जिसमें दिग्विजय सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

**सूचना आयोग ने ...**आयोग में सूचना अधिकार अधिनियम का उल्लंघन की शिकायत की। सूचना आयोग ने पेरा 7 का अनुपालन नहीं करने पर इन्हें 18 (1 ) के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया है। जिसमें जुर्माना कारवाई भी हो सकती है। नगर निगम के लोक सूचना अधिकारी सहायक अभियंता को सूचना आयोग में आगामी 21 अगस्त को तलब किया है। साथ ही सुनवाई के एक सप्ताह पूर्व लिखित स्पष्टीकरण प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। गोनिया ने कहा कि सूचना अधिकार अधि नियम का उल्लंघन करना कानूनी अपराध है क्योंकि भारत सरकार का बनाया हुआ यह कानून जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए ही बनाया गया है।

**तमंचा और...** पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम तारापुरी, गली नंबर 5, लिसाड़ी गेट, थाना लिसाड़ी गेट मेरठ उत्तर प्रदेश निवासी इसरार उर्फ साहिल उर्फ फरमान पुत्र महमूद बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 315 बोर का एक अवैध तमंचा तथा जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

**केंद्र सरकार के खिलाफ....**एनपीएस में सहभागिता 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत की जाये तथा वेतन समझौता पर शीघ्र वार्ता की जाये। प्रदर्शन करने वालों में प्रेमराम, उपदेश सक्सेना, आरएस बिष्ट, राहुल मिश्रा, प्रियंका, दीपा, डीएस नेगी, एसके मंगोली, अजय सक्सेना, विपिन, बीसी भट्ट, अजय आर्य, नैनी गोपाल, जीवन चन्द्र जोशी, राहुल, पूनम, डीएस धानक, एनपी गुप्ता, एलपी गौतम, हीमा नेगी, पीबी जोशी आदि शामिल थे। सभा के अंत में सचिव राजेन्द्र सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विधायक शिव अरोरा ने बांटे आर्थिक सहायता के चेक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से जरूरतमंदो को आर्थिक सहायता चैक वितरित किये। इस दौरान जाफरपुर, खानपुर, रम्पुरा, रविंद नगर, आदर्श कालोनी, शिव नगर, गांधी कालोनी क्षेत्र के लोग लाभान्वित हुए। विधायक शिव अरोरा ने कन्या विवाह, बीमारी इलाज हेतु चैक सौंपे। उन्होंने कहा विध ानसभा में लगातार लोगो को आर्थिक सहायता हेतु चैक सौपे जा रहे हैं उनका प्रयास है क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लोगो को कन्या विवाह ,बीमारी के इलाज हेतु अधिक से अधि क मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता मिल सके। विधायक शिव ने 48 लोगो को मुख्यमंत्री राहत कोष से चौक वितरित किये ।इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, सुशील गाबा, शालनी बोरा, मंडी अध्यक्ष के के दास, महेश कोली, जगदीश विश्वास, माही सकलानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

काशीपुर रोड पर

बड़ी कॉलोनी के बीचों-बीच

फार्म हाउस हेतु एक बड़ा प्लॉट उपलब्ध है।



CONSTRUCTING HAPPINESS







आस पास निर्माणाधीन मकान

- रजिस्ट्री, दाखिल खरिज एवं 143 प्लॉट
- कॉर्नर का प्लॉट
- 4 खूबसूरत पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- कॉलोनी में दर्जनों परिवार निवासरत

86504-18000 / 86501-18000